एमेडियस मोजार्ट

इबी लेप्स्की, चित्र : पाओलो कार्डोनी

एमेडियस एक जिंदादिल और खुशमिजाज लड़का था. वो भागता, कूदता था और अपनी बहन मरियाना का पीछा करता था. मरियाना उससे पांच साल बड़ी थी. वह अपने छोटे पीले कुत्ते, पिम्परले के साथ भी दौड़ता था. और वो कुक टेरेसा के साथ चालें चलता था. उसे हर समय चलते रहना पसंद था. अगर कोई उसे स्थिर खड़ा रहने को कहता, तो वो अपनी एड़ियों को एक साथ मारता और अपनी आँखों को अधीरता से झपकाता था.

उसे शब्दों से खेलना पसंद था. कभी-कभी वो अजीब मज़ाकिया तरह से बात करता, अजीब गीत बनाता, जैसे :

"बड़ी पाल के जहाज तब तक तैरते हैं, जब तक हवा चलती है."

केवल संगीत में उसे शांत और चुप रखने की शक्ति थी. जब भी पिता उसकी बहन मारियाना को संगीत की शिक्षा देते, तब एमेडियस बिना हिले-डुले चुपचाप एक कोने में बैठ कर बस सुनता ही रहता था. उस समय माँ राहत की सांस लेती थीं.

फिर एक दिन एमेडियस अचानक पियानो बेंच पर चढ़ गया और उसने वो धुन बजाई, जो पिता ने बस तभी मैरियाना को सिखाई थी. उसने बिना किसी ट्रेनिंग के और बिना कोई गलती किए पूरी धुन बजाई.

फिर उसके पिता, जो संगीत के विशेषज्ञ थे, ने महसूस किया कि एमेडियस में संगीत के लिए एक महान प्रतिभा और अद्भुत संगीत स्मृति थी.

उस दिन से एमेडियस के पिता ने उसे हर दिन वायलिन और पियानो के सबक दिए. एमेडियस ने सब कुछ बहुत आसानी से सीखा और जल्द ही वो मारियाना से कहीं अधिक कुशल बन गया.

नहीं, सफलता से एमेडियस बिगड़ा नहीं और चकाचौंध करने वाली संगीत सभाओं के वैभव ने उसे अंधा नहीं बनाया. उसमें संगीत का महान उपहार था. उस उपहार को उसने खुद पहचाना और दुनिया ने भी उसे खूब सराहा.

एमेडियस, उसके परिवार, और कुछ अन्य बुद्धिमान लोगों ने अमाडेस की प्रतिभा को पहचाना, पर बहुत लोगों को वैसा नहीं लगा. उन्होंने एमेडियस के केवल प्रदर्शन वाले सनसनीखेज पक्षी को देखा, न कि उसके कलात्मक पक्ष को. इसलिए कभी-कभी उसके संगीत समारोहों में इस प्रकार की घोषणा की जाती थी :

दर्शकों की ज़ोरदार फरमाईश के कारण :

एमेडियस मोज़ार्ट आज, 30 अगस्त को एक अतिरिक्त संगीत कार्यक्रम पेश करेंगे जो आपको विस्मय में डाल देगा.

सिर्फ छह साल का बच्चा न केवल पियानो और वायलिन पर वो कठिन संगीत बजाएगा जिन्हें बड़े कलाकार बजाते हैं बल्कि वो वायलिन पर संगीत, और पियानो के की-बोर्ड को, फेल्ट के कपड़े से ढंककर बजाएगा.

इसके अलावा, वो पियानो, घंटियों, या ग्लासों पर दूर से बजाई सभी धुनों का सही नाम बताएगा. और अंत में वो पियानो और ऑर्गन (वाद्‌यंत्र) पर उन धुनों को बजाएगा.

मारियाना अपने छोटे भाई से बेहद प्यार करती थी और उसे भाई की सफलता से कोई ईर्ष्या नहीं थी. उसके बजाए, उसे अपने भाई पर बहुत गर्व था.

एमेडियस की माँ को बेटे द्वारा रची छोटी सोन्नाटा रचनाएँ सुनना बहुत अच्छा लगता था.

कुछ समय के बाद, अमेडियस के पिता ने अपने बेटे की उपलब्धियों पर गर्व करते हुए उसके अद्भुत कौशल के बारे में पूरी दुनिया को बताने का फैसला किया. फिर उस निर्णय के साथ, युवा अमाडेस का जीवन लगभग एक परी-कथा जैसा बन गया.

सात साल की उम्र में, जब अन्य बच्चे स्कूल जा रहे थे, तो एमेडियस अपने पिता और बहन के साथ यूरोप के शाही महलों में जा रहा था. अपने देश से बाहर वो राजदरबारों में बादशाहों, राजाओं और रानियों, राजकुमारों और राजकुमारियों की प्रशंसा लूट रहा था.

उस समय लगता था यूरोप के शाही परिवार सबसे खूबसूरत पार्टियां देने और सबसे असामान्य शो आयोजित करने में एक-दूसरे से प्रतिस्पर्धा कर रहे थे. वो एक-के बाद-एक कार्यक्रम आयोजित करते - नृत्य, नाटक, संगीत कार्यक्रम आदि. और वे हमेशा पेश करने के लिए कुछ विशेष खोजते थे. इसलिए जब उन्हें युवा एमेडियस और उसकी शानदार प्रतिभाओं के बारे में पता चला - कि एमेडियस में, एक बार सुनने के बाद, वायलिन और पियानो के अत्यंत जटिल संगीत को दोहराने की की क्षमता थी, फिर हर कोई एमेडियस की शानदार संगीत रचनाओं को सुनना और उनकी सराहना करना चाहता था.

अपने शाही संगीत समारोहों के लिए, एमेडियस एक सुंदर सूट और नीले रंग के साटन के जूते पहनता था. उसकी कमर से एक छोटी तलवार लटकती थी. वो एक छोटे घुड़सवार की तरह दिखता था. मारियाना, पियानो पर गर्व के साथ उसे संगत देती थी.

अक्सर, जब वो वायलिन बजाता, तो महिलाएं आगे झुककर अपने ओपेरा ग्लास (दूरबीन) में से उसे घूरती थीं. वो यह सुनिश्चित करना चाहती थीं कि एमेडियस वास्तव में एक बच्चा था, न कि कोई बौना! इटली में एक संगीत समारोह में, राजा और रानी के सामने खेलने से पहले, एमेडियस को अपनी उंगली से एक अंगूठी निकालनी पड़ी क्योंकि लोगों को लगा कि उसकी असाधारण क्षमतायें उस जादुई अंगूठी के कारण हो सकती थीं.

लेकिन एमेडियस की उपलब्धियाँ निश्चित रूप से किसी जादू का परिणाम नहीं थीं. विग और घुड़सवार वाली पोशाक के बावजूद, वो सच में एक छोटा बच्चा था. उसने सम्राटों, राजाओं और रानियों के सामने अपना कार्यक्रम पेश किया और उनकी प्रशंसा लूटी और साथ में बढ़िया, कीमती उपहार भी पाए.

क्या इस सारे ध्यान से एमेडियस घमंडी बना? क्या राजमहलों के वैभव के कारण उसने रोजमर्रा की मस्ती को त्याग दिया? नहीं, एमेडियस पहले जैसा ही लड़का रहा. संगीत समारोहों और तालियों के बाद, उसने छोटे राजकुमारों के साथ खेल खेले और राजकुमारियों का पीछा किया, बिल्कुल उसी तरह जैसे वो घर पर मैरियाना और पिम्परले का पीछा करता था.

रात में, एमेडियस तब तक बिस्तर पर नहीं सोता था, जब तक कि वो अपने पिता के लिए एक छोटा सा गीत नहीं गाता था. वो गीत उसने खुद ही बनाया था. उसने उसे बुलाया :

"ओर्गेनिया फताफग्निया."

अंत में वो अपने पिता को नाक पर चूमता था.

एमेडियस ने अपना एक काल्पनिक साम्राज्य भी बनाया था. उसने उसे "किंगडम ऑफ रुकेन" का नाम दिया, और वो वहां का राजा था. रूकेन का प्रत्येक नागरिक अच्छा और वफादार था. एमेडियस ने अपने काल्पनिक साम्राज्य का एक नक्शा भी तैयार किया और उसने वहां सभी शहरों, नदियों और पहाड़ों के नाम रखे.

इस तरह की घोषणाओं को पढ़ने वाले लोग, युवा एमेडियस के संगीत शो को एक मनोरंजक शो मानते थे. अक्सर बाजीगर, कलाबाज़, और तनी रस्सी पर चलने वाले कलाकार भी उसके साथ-साथ प्रदर्शन करते थे.

"छोटा मोजार्ट एक प्रभावशाली बच्चा है, बस इतना ही!" एक विद्वान आलोचक ने कहा.

सौभाग्य से एमेडियस के पिता ने महसूस किया कि इतनी यात्राएं और प्रदर्शन उनके लड़के को उसके अद्भुत रचनात्मक गुणों को विकसित करने से रोक रही थीं.

इसके अलावा, एमेडियस भी उनसे थक गया था और अब उसके गाल, गुलाबी नहीं रहे थे और उसके शरारती तरीके भी बंद हो गए थे.

फिर पिता ने एमेडियस को घर लाने का फैसला किया.

"अच्छा," एमेडियस ने कहा. "मैं अपने किंगडम ऑफ रुकेन में वापस जाऊंगा." और फिर बिना किसी अफसोस के, वो पेरिस, लंदन और वियना के शानदार राजदरबारों को छोड़कर, प्रशंसा और ख्याति को छोड़कर, अपने पिता और बहन के साथ घर लौट आया.

परिवार उसे देखकर बहुत खुश हुआ. पिम्परले खुशी में भौंकने लगा. टेरेसा ने उसके लिए केक बनाया. और माँ ने उसे कोमलता से अपने गले लगाया.

घर पर एमेडियस सिर्फ खेल नहीं रहा था. उसने अपने दिमाग में नया संगीत रचा था. वो उस सभी संगीत को लिखना चाहता था, ताकि वह खो न जाए. उसने अपनी मेज पर घंटों बिताए.

एमेडियस के पिता, अपने बेटे की प्रतिभा के लिए भगवान को जिम्मेदार मानते थे. उन्होंने एमेडियस के लिए अध्ययन का एक पाठ्यक्रम बनाया जो काफी कठिन था.

लेकिन युवा एमेडियस ने कड़ी मेहनत की. उसने संगीत के कई नए क्षेत्रों की खोज की. उसने अभिव्यक्ति की एक नई शैली इज़ाद की. उसने सुंदरता और सम्पूर्णता की नई ऊंचाइयों को छुआ.

और समय के साथ, एमेडियस ने दुनिया का सबसे सुंदर संगीत रचा और वो दुनिया के सबसे महान संगीतकारों में से एक बना - वोल्फगैंग एमेडियस मोजार्ट.

समाप्त